दुर्बल वर्गों के लिए वर्ष 1976-77 का योजना कार्यक्रम क्रियान्वित करने हेतु मध्य प्रदेश को सहायता

3823. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश मे दुर्बल वर्गों के लिए वर्ष 1976–77 का योजना कार्यक्रम क्रियान्वित करने हेतु विशेष केन्द्रीय वित्तीय सहायता देने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि मंजूर की जाने की संभावना है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शंकर घोष): (क) और (ख). मध्य प्रदेश की जनजाति क्षेत्र उप-योजना के लिए 1976–77 मे 10 11 करोड़ रुपए की विशेष केन्द्रीय सहायता अस्थाई रुप से अनुमोदित की गई है। इस सहायता की अदायगी समेकित जनजाति क्षेत्र विकास परियोजना को तैयार करने तथा उसको कार्यान्वित करने पर निर्भर करेगी।

इसके अलावा, सूखा-प्रवृत्त क्षेत्र कार्यक्रम और जन-जाति क्षेत्र विकास अभिकरण परियोजनाओ के माध्यम से कमजोर वर्गों के लिए भी सहायता उपलब्ध होगी, जिसके लिए केन्द्रीय योजना मे क्रमश 2 20 करोड़ रुपए और 50 लाख रुपए की राशि उपलब्ध होने की सम्भावना है।

मध्य प्रदेश में आकाशवाणी केन्द्रों में स्थायी कलाकार

3824. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर तथा रायपुर आकाशवाणी केन्द्रो पर स्थायी कलाकारो के नाम दर्ज किये गये है ;

(ख) क्या आकाशवाणी कार्यक्रमों के लिए विभिन्न श्रेणियों के कलाकार आमंत्रित करने के बारे में सरकार को शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : आकाशवाणी मे दो प्रकार के कलाकार हैं : (1) विभागीय कलाकार जो आकाशवाणी के कर्मचारी है और उन्हें लम्बी अवधि के ठेके दिये जाते हैं, और (2) नैमित्तिक कलाकार, नाटक और संगीत कलाकारों के मामले में स्वर परीक्षण समितियां द्वारा प्रसारण कार्यक्रमों के लिए स्वीकृत, जो कार्यक्रमों की जरूरतों के अनुसार जब भी आवश्यक हो रखे जाते हैं। इस प्रकार के सभी कलाकारो की नियमित सूचियां रखी जाती है।

(ख) जी, हां।

(ग) प्रत्येक शिकायत की सावधानीपूर्वक जाच की जाती है और उपयुक्त कार्यवाही की जाती है।

मध्य प्रदेश में मुहानों पर कोयले का जमा होना

3825. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मध्य प्रदेश मे खानो के मुहानों पर वर्ष 1975 के आरम्भ के महीनो मे कितना कोयला जमा हो गया था ,

(ख) क्या जमा हुए कोयले की यह मात्रा सामान्य थी अथवा अधिक ; और

(ग) यदि यह अधिक थी तो इसके क्या कारण थे ?